## खबर संक्षेप

### सूर्योदय के साथ थानों में हुआ सूर्य नमस्कार



**शहडोल।** जिले के समस्त थानों में सूर्योदय के साथ ही पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव के निर्देश में समस्त थानों में पुलिसकर्मियों ने सूर्य नमस्कार किया, इस दौरान थाना प्रभारी और लगभग पुलिस कर्मी भी शामिल हुए। अमलाई थाना में प्रभारी जे.पी.शर्मा के मार्गदर्शन में समस्त स्टाफ ने भी इसमें सहभागिता दर्ज कराई, थाना प्रभारी ने इस दौरान कहा कि योग दिवस की शुरुआत योगाभ्यास करके करनी चाहिए। साथ ही हमें अपने दोस्तों, रिश्तेदारों और करीबियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए उन्हें योग के लिए प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार है, जो व्यक्ति के आंतरिक और बाहरी शरीर को स्वस्थ रखता है। साथ ही मानसिक समस्याओं से भी दूर रखता है।

### 1587 लोगों का किया गया सिकल सेल एनीमिया की जांच

**शहडोल।** जनजातीय समुदायों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजातीय न्याय महाअभियान एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 30 जून तक शहडोल जिले के चिन्हित ग्राम पंचायतों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। धरबी आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत 15 जून से 17 जून 2025 तक की स्थिति में सिकल सेल उन्मूलन के लिए 1587 लोगों का सिकल सेल एनीमिया की जांच की गई है।

### यातायात व्यवस्था में सुधार हेतु पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव ने जिला मुख्यालय के प्रमुख चौराहों एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने यातायात एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बगिया तिराहा, बुढार चौक, गांधी चौक, चौपाटी अन्य स्थानों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य नगरपालिका अक्षत बुंदेला, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मुकेश दीक्षित सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही

**शहडोल।** जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 02 स्थानों पर दबिश दी गई। उक्त कार्रवाई में 12 लीटर अवैध कच्ची शराब जोकि बिक्री करने के प्रयोजन से आरोपियों के कब्जे से जप्त की गई, उक्त मशरूका की कुल कीमत 1,320 रुपये है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की गई।

### कटे होंठ एवं फटे तालू का निःशुल्क कैंप का किया गया आयोजन



**शहडोल।** जिला अस्पताल परिसर अंतर्गत जिला शीघ्र हस्तक्षेप केन्द्र में कटे होंठ एवं फटे तालू का निःशुल्क कैंप आयोजन किया गया। जिसमें शहडोल जिले के जन्मजात विकृति कटे होंठ एवं फटे तालू से ग्रसित 12 बच्चे उपस्थित हुए जिनमें से 6 बच्चों का इलाज जबलपुर से आए दुबे डेंटल सर्जिकल हॉस्पिटल के डॉक्टर द्वारा जांच में सिलेक्ट कर उन्हें निःशुल्क वाहन के द्वारा ले जाया गया बाकी 6 बच्चों में से 3 बच्चों को अगले महीने की तारीख दी गई एवं शेष 3 बच्चों का वजन कम होने की वजह से उनको एन आर सी में एडमिट होने एवं वजन बढ़ाने के बारे में जानकारी दी गई एवं कैंप में जिला कार्यक्रम प्रबंधक मनोज द्विवेदी की उपस्थिति में सारे बच्चों को जबलपुर में इलाज के लिए रवाना किया गया।

# कांग्रेस का टेंट परमानेंट: बकहो में जांच के आदेश, अब धनपुरी की बारी

# 6 दिन के क्रमिक अनशन के बाद एक माह में जांच की डेड लाईन तय

**स्ट्रीट लाईट, कीटनाशक, पौधरोपण से लेकर निर्माण व खरीदी की होगी जांच**

16 जून से कांग्रेस ने टेंट परमानेंट की घोषणा करते हुए बकहो नगर परिषद में हुए भ्रष्टाचार के चार बिन्दुओं की जांच की मांग की और क्रमिक अनशन शुरू किया, अनशन के छठवें दिन प्रशासन ने एक माह के भीतर जांच करा देने का आश्वासन देकर अनशन खत्म कराया तो, ब्लाक कांग्रेस ने अपने टेंट परमानेंट के नारे को धनपुरी नपा के सामने लगाने की प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कोयलांचल की राजनीति में गरमाहट ला दी है।

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



अपने पहले ही कार्यकाल में कभी प्रदेश सबसे बड़ी पंचायत रही बकहो से नगर परिषद बने इस कस्बे में शासन की राशि में करोड़ों का भ्रष्टाचार करने का आरोप कांग्रेस ने लगाते हुए जांच की मांग की। हालाकि अपने गठन के दौरान ही परिषद भर्तियों के लेकर सुर्खियों में थी, करीब 3 सालों बाद कांग्रेस नींद से जागकर सडक़ पर नजर आई, कांग्रेस के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष राजीव शर्मा ने ''कांग्रेस का टेंट-परमानेंट'' का नारा देते हुए कहा कि भाजपा की परिषदों में मचे भ्रष्टाचार को उजागर करना और जन-जन तक उनकी कारगुजारियों को जब तक जनता तक नहीं पहुंचा दिया जायेगा, तब तक ''कांग्रेस का टेंट-परमानेंट'' का नारा जारी रहेगा और भ्रष्टाचार के खिलाफ यह शंखनाद धीमा नहीं पड़ेगा, छठवें दिन लिखित आश्वासन के बाद टेंट बकहो से हटा तो, उसे घर में रखने की जगह धनपुरी नगर पालिका के सामने गाडऩे की घोषणा कर दी गई, इस मामले में धनपुरी नपा क्षेत्र के कांग्रेसी जो भाजपा की स्लीपर सेल बन चुके हैं, अपनी पार्टी को कितनी मजबूती देते हैं, यह आने वाले दिन बतायेंगे।

### इन मुद्दो पर बकहो में होगी जांच

नगर परिषद के सामने 6 दिनों तक क्रमिक अनशन में बैठी कांग्रेस ने जिन मुद्दों को लेकर जांच की मांग की थी, उसमें सबसे पहले, स्ट्रीट लाईट, मड पम्प, चलित टॉयलेट, कचरा गाड़ी, हाथ गाड़ी, कीट नाशक पाऊडर/मलेरिया ऑयल, स्वच्छता सामग्री, गैती, फावड़ा, बेलचा, सींकवाला झाड़ू की खरीदी में बाजार मूल्यों से डेढ़ व दो गुना भुगतान के आरोप हैं, वहीं डीजल के बिलों के साथ ही सफाई संरक्षकों की ड्रेस तथा फिनायल, ब्लीचिंग पाऊडर आदि की बेहिसाब महंगी खरीदी कर भ्रष्टाचार करने के आरोप हैं, कांग्रेस के द्वारा किये गये आंदोलन के उपरांत शनिवार को लिखित आश्वासन के बाद समाप्त किया गया।

### स्ट्रीट लाइट में हुई कमीशनखोरी

कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि नगर परिषद अंतर्गत 11 वार्डो सहित हाईवे में प्रयोग किए गए स्ट्रीट लाइट एवं पोल गुणवत्ता विहीन लगाए गए हैं, जिससे नगर परिषद के एक वार्डवासी की करंट से मौत तक हो चुकी है साथ ही आए दिन इससे खतरा बना रहता है, कई जगह खराब पड़े स्ट्रीट लाइट आज भी बंद पड़े हैं, कमीशन के फेर में तकनीकी प्राक्कलन के आधार पर परिषद द्वारा खरीदी नहीं की गई है, परिषद द्वारा लगभग 37-38 लाख की लागत से लगाए गए पौधों में शासन की राशि का परोक्षरूप रूप से दोहन कर बंदरबांट किया गया है, धरातल पर वास्तविकता यह है कि परिषद अंतर्गत 38 पौधे भी कहां-कहां लगाए गए और कितने नगर परिषद के संपूर्ण व्यवस्था उपरांत जीवित स्थिति पर हैं, पौधरोपण की सुरक्षा में उपयोग लाई जाने वाली जाली तक के पैसे का दोहन किया गया है।

### टेंडर के बाद कार्य कार्य लंबित

नगर परिषद द्वारा निर्माणाधीन विभिन्न वार्डों में निर्माण कार्य परिषद के लापरवाही एवं कमीशन बाजी के कारण लगभग डेढ़ से दो वर्षों से लंबित है, जिन्हें जांच कमेटी गठित कार्यवाही की जाए। जैसे वार्ड क्रमांक 01 में आदिवासी मोहल्ला पर निर्माणाधीन नाली-निर्माण कार्य, इसी वार्ड में खालेटोल बीच बस्ती में निर्माणाधीन नाली निर्माण कार्य तथा वार्ड क्रमांक 2 (मस्जिद के सामने) नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 3 कोतमा रोड में निर्माणाधीन प्रवेश द्वार, वार्ड नंबर 2 में निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्र, वार्ड नंबर 2 श्रीमती अनीता सिंह के घर के सामने नाली निर्माण कार्य, वार्ड क्रमांक 3 खुदरा टोला में एवं वार्ड नंबर 15 इंदिरा नगर में निर्माणाधीन पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर स्टॉक तथा ऐसे ही कई कार्य हैं, जिनका टेंडर हो चुका है, किंतु कार्य पूर्ण तरीके से लंबित है। नगर परिषद में पाइपलाइन के लिए उपयोग में लाया गया पाइप तकनीकी प्राक्कलन में अनुरूप नहीं है, जिसमें 02 इंची पाइपलाइन का प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी जांच कारण कर एस्टीमेट के अनुसार लगाए जाएं।

### जूस पिलवाकर तुड़वाया अनशन

ब्लॉक कांग्रेस बुढार अध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में कई वर्षों बाद देखने को मिला कि विपक्ष ने अपनी भूमिका सडक़ में उतरकर निभाई, आज तक कभी जिले में सत्ता शासन के विरुद्ध कांग्रेस द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध एक सप्ताह का अनशन कर आंदोलन किया हो, नगर परिषद् बकहो में चल रहे क्रमिक अनशन स्थल में कलेक्टर के आदेशानुसार अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर के निर्देशन पर तहसीलदार बुढ़ार डहेरिया की उपस्थिति में सीएमओ नगर परिषद् बकहो एवं थाना प्रभारी अमलाई कि उपस्थिति में तहसीलदार बुढ़ार द्वारा कांग्रेस पार्टी के मंशानुरूप लिखित रूप से अनशनकारियों को प्रपत्र प्रस्तुत किया गया, कांग्रेस द्वारा आरोपित समस्त मुद्दों पर जिला स्तरीय टीम गठित कर नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद् बकहो को शामिल करते हुए जांच कमेटी गठित कर 1 माह के अंदर जांच कराई जाएगी। जिसके उपरांत तहसीलदार द्वारा छठवें दिन अनशनकारी के रूप में अनुज सिंह को जूस पिलाकर अनशन तोड़वाया।



## 15 अगस्त के पूर्व घर-घर नल जल कनेक्शन देने का लक्ष्य पूरा करें: आयुक्त

शहडोल।

प्रदेश सरकार द्वारा 15 अगस्त के पूर्व नल जल योजनाओं के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, संभाग के शहडोल, उमरिया एवं अनूपपुर जिलों में यह लक्ष्य प्राप्त करने के लिए संबंधित अधिकारी साप्ताहिक लक्ष्य बनाकर पूरा करें। सिंगल फेज की जो नल जल योजनाएं पूरी नहीं हुई है, उन्हें शीघ्र पूरा करायें तथा ग्राम पंचायतों को हैन्ड ओवर करें। जिन योजनाओं में कमियां हैं, उनका भी निराकरण किया जाए। यह निर्देश आयुक्त श्रीमती सुरभि गुप्ता ने संभाग के तीनों जिलों में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की एकल नल-जल योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ठेकेदारो की बैठक करें, उन्हें लक्ष्य सौंपे तथा उनसे सामग्री व्यवस्था, मशीनरी तथा अन्य आवश्यकता की आकलन कर कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए जाय।इन सभी कार्यों की सघन मानीटरिंग भी कराई जाए, जिन योजनाओं को पूरा करने की राज्य स्तर से सहमति मिल गई है, उनके टेन्डर की कार्रवाई जल्दी पूरा करके कार्य शुरू करायें, जिससे समय सीमा में कार्य पूरा किया जा सके। बैठक में संयुक्त आयुक्त मगन सिंह कनेश, सीईओ जिला पंचायत अनूपपुर तन्मय वशिष्ठ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेन्द्र सिंह सहित तीनो जिलों के कार्यपालन यंत्री तथा सहायक यंत्री उपस्थित रहे।

## जनभागीदारी मद में फर्जीवाड़ा, आईडी हैक, उच्च शिक्षा का मामला

गोहपारू।







महाविद्यालय के उत्थान और आदिवासी छात्र-छात्राओं की शिक्षा की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिले के गोहपारू में स्थित महाविद्यालय में भेजी गई लाखों की राशि को जनभागीदारी समिति के जिम्मेदारो ने फर्जीवाड़ा कर निपटा दिया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने इस मामले की शिकायत आयुक्त उच्च शिक्षा से लेकर अतिरिक्त संचालक रीवा और प्रदेश सरकार तक पहुंचाई है, आरोप हैं कि जेम में फर्जी आईडी व ईमेल बनाकर लाखों रूपये का घालमेल प्राचार्य मंगल सिंह के द्वारा किया गया है। मामले के जांच के आदेश दिये जाने की खबर है।

### जनभागीदारी में फर्जीवाड़ा

उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा जनभागीदारी मद में लाखों रूपये भेजे गये थे, जिसमें वर्तमान में 90 प्रतिशत राशि खुर्द-बुर्द कर ली गई है, उच्च शिक्षा विभाग को भेजी गई शिकायत में असिस्टेंट प्रोफेसर राज कुमार महोबिया ने उल्लेख किया है कि मुझे सूचना तकनीकि में ज्ञान का अभाव है , लेकिन महाविद्यालय में विभिन्न दायित्वों के निर्वहन के दौरान जनभागीदारी समिति, एल्युमिनाई समिति, एनएसएस, जेम पोर्टल आदि सभी में व्यक्तिगत विवरण, मोबाइल नम्बर, ओटीपी मुझे शेयर करना पड़ता रहा है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.मंगल सिंह ने मेरी शासकीय इमेल आईडी लेकर मेरे नाम से जेम पोर्टल पर ओटीपी लेकर आईडी बनायी व आईडी पासवर्ड अपने ही पास रखा व मुझे नहीं दिया। समय दर समय खरीददारी करते रहे व किसी न किसी बहाने ओटीपी लेते रहे, लेकिन न तो मुझे एवं क्रय समिति को कोई प्रपत्र दिये, न ही खरीददारी की कोई सूचना देते थे।

### बहाना बनाकर लेते थे ओटीपी

श्री महोबिया ने आरोप लगाया कि विगत दो माह पूर्व मंगल सिंह ने कहा कि अभी फोन जायेगा ओटीपी दे दीजियेगा, ओटीपी देते समय मैंने उनसे पूछ लिया, वह जिले के बाहर होना बता रहे थे, तब मुझे शंका हुई कि कहीं मेरी आईडी पासवर्ड का दुरुपयोग तो नहीं हो रहा, फिर मैंने अपनी आईडी पासवर्ड मंगल सिंह से लिया और एक तकनीकी जानकार से इसे खुलवाने की कोशिश की तो, उसका पासवर्ड बदला जा चुका था एवं मेरी एक अन्य सरकारी ईमेल आईडी बनाये जाने का पता चला। असिस्टेंट प्रोफेसर ने शिकायत में कहा कि कहीं मेरी आईडी का दुरुपयोग न किया गया हो, जबकि कोई भी खरीददारी न मेरे द्वारा की गयी न जानकारी दी गयी। यह बात क्रय समिति के सदस्यों के अतिरिक्त पूरा महाविद्यालय जानता है।

### इनका कहना है...

महोबिया जी प्रिसिंपल बनना चाहते हैं, इसलिए झूठी शिकायत कर रहे हैं, कोई भी खरीदी नियम से बाहर नहीं हुई, मुकेश तिवारी जी को पूरी जानकारी है। मैनें हर कदम पर उनकी मदद की, पर वो मुझे झूठा बदनाम कर रहे हैं।

**मंगल सिंह**
**प्रिंसिपल शासकीय महाविद्याल गोहपारू**

## बड़े भाई ने छोटे भाई को चाकू मारकर किया घायल, आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** जिस घर में एक साथ पले-बढ़े दो भाई, जहां बचपन की हँसी और खेल-कूद की यादें बसी हों, वही रिश्ता जब नफरत की आग में जल उठे तो खूनी रूप ले लेता है। ऐसा ही एक सनसनीखेज मामला शहडोल जिला मुख्यालय से सामने आया है, जहां घरेलू विवाद ने ऐसा उग्र रूप ले लिया कि सगे भाई ही एक-दूसरे के खून के प्यासे बन बैठे। वार्ड क्रमांक 14 में रहने वाले दो सगे भाइयों के बीच हुए विवाद ने खूनी मोड़ ले लिया, और एक भाई ने दूसरे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जिले के कोतवाली अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 निवासी मनीष सोंधिया और उसका छोटा भाई सनी सोंधिया अपने ससुराल गया हुआ था, वहां से घर लौटा तो किसी घरेलू मुद्दे को लेकर आपस में उलझ गए, पहले कहासुनी हुई, फिर झगड़ा हुआ और देखते ही देखते मनीष ने आपा खोते हुए अपने छोटे भाई सनी पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए, हमले में सनी गंभीर रूप से घायल हो गया और लहूलुहान हालत में ज़मीन पर गिर पड़ा, परिजनों और मोहल्लेवालों ने तत्काल घायल सनी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हमलावर मनीष सोंधिया को मौके से ही हिरासत में ले लिया, पुलिस ने मनीष के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे शनिवार की शाम 4 बजे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

## गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार



**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों के व्यापार की रोकथाम के संबंध में समीक्षा कर अवैध मादक पदार्थों के विक्रय पर रोक लगाने एवं कार्यवाही करने के लिए समस्त थाना प्रभारियों को निर्देश दिये गये थे।थाना प्रभारी भूपेन्द्रमणि पाण्डेय के नेतृत्व में थाना सोहागपुर पुलिस द्वारा रेड कार्यवाही करते हुए सोहागपुर गढी निवासी रामप्रसाद विश्वकर्मा के कब्जे से 01 किलो 205 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जप्त किया। सूचना के अनुसार आरोपी राम प्रसाद विश्वकर्मा ग्राम कोटमाए छतरपुर रोड में गांजा की खेप लेने गया था।

## पुलिस लाइन में हुआ सामूहिक योग शिविर का आयोजन



**शहडोल।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किए जाने के पश्चात यह दिवस प्रतिवर्ष वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य संयम एवं आंतरिक शांति के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला पुलिस बल द्वारा पुलिस लाइन परिसर में एक सामूहिक योग शिविर का विधिवत आयोजन किया गया। इस अवसर पर थानों एवं कार्यालय में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी, महिला पुलिसकर्मी एवं जिला बल के अन्य सदस्यगणों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में अनुभवी योग प्रशिक्षक रितेश पाण्डेय द्वारा प्रातःकालीन सत्र में विभिन्न योगासनों, प्राणायाम, ध्यान अभ्यास तथा जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा संदेश देते हुए कहा गया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि यह शरीर, मन और आत्मा का संतुलन है। पुलिस बल में कार्यरत प्रत्येक सदस्य को जहाँ मानसिक और शारीरिक संतुलन अत्यावश्यक है, योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना चाहिए। यह केवल स्वास्थ्य लाभ ही नहीं देता बल्कि कर्तव्यों के निर्वहन में भी मानसिक स्पष्टता और अनुशासन का आधार बनता है। मैं सभी अधिकारियों एवं जवानों से अपेक्षा करता हूँ कि वे नियमित रूप से योग को अपनाकर अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बनाएं।



### योग स्वस्थ जीवन का आधारः मनीषा

## स्वस्थ जीवन, शांत मन एवं निरोगी शरीर के लिए योग जरूरी: मरावी

**शहडोल।** 11 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विधायक जयसिंह मरावी के मुख्य आतिथ्य में जिला स्तरीय 'योग संगम' सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम जिला मुख्यालय के बैडमिंटन इन डोर हाल में आयोजित किया गया। योगाभ्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जैतपुर जयसिंह मरावी ने कहा कि स्वस्थ जीवन, शांत मन एवं निरोगी शरीर के लिए योग को अपने दिनचर्या में शामिल करे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विशेष पहल की और उनके सद्प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की पहल पर वर्ष 2015 से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस प्रति वर्ष 21 जून को मनाया जाने लगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य के लिए योग का महत्वपूर्ण स्थान है, योग जीवन के सभी पहलुओं के बीच संतुलन स्थापित करने के साथ स्वास्थ्य और कल्याण के लिए समग्र दृष्टिकोण प्रदान करता है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि मानव के जीवन का प्राथमिक सुख निरोगी काया है, निरोगी काया तथा स्वस्थ बुद्धि के लिए सुबह उठकर व्यायाम एवं योग आवश्यक है। योग स्वस्थ जीवन का आधार है, शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक सुख, आध्यात्मिक प्रगति के लिए योग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि योग की शक्ति को पहचाने, जाने और अपने जीवन शैली में अपनाए। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के उद्बोधन का सीधा प्रसारण वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम स्थल पर किया गया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मनीषा सिंह, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर डॉ.केदार सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, अपर कलेक्टर सरोधन सिंह,समाजसेवी श्रीमती अमिता चपरा, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक दीवान, सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, खिलाडियों व योग गुरुओं ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पांडे ने किया।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रयासम पार्क चंदिया में किया गया योग



**उमरिया।** प्रयासम फाउंडेशन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से योग दिवस का आयोजन स्थानीय प्रयासम पार्क चंदिया में किया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर परिषद चंदिया, वन विभाग, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद प्रयासम संस्था अध्यक्ष राकेश शर्मा राकेश सोनी, अशोक अग्रवाल , मुकेश तिवारी, रफीक खान वरिष्ठ अधिवक्ता भरत अग्रवाल दिनेश तोमर, मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड करकेली परामर्शदाता राघवेंद्र द्विवेदी वन विभाग से सीपी पांडे , नगर परिषद अध्यक्ष पुरुषोत्तम कोल वार्ड पार्षद मुकेश वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक जानकी दास मिश्र , माया कम्प्यूटर संस्थान से विनय पांडे वंशरूप शर्मा, अजमेर सिंह , राजीव अग्रवाल बारे लाल यादव, तारा दहिया धर्मेंद्र सिंह, जैकी मिश्रा, सीएमसीएलडीपी छात्र प्रभात सिंह राजपूत सक्रिय रूप से उपस्थित रहे ।

### उप स्वास्थ्य केंद्र बरबसपुर में किया गया योग




**उमरिया।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, उप स्वास्थ्य केंद्र , बरबसपुर विकासखंड मानपुर में समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ ग्राम वासियों के द्वारा योग किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य तेजभान सिंह , राकेश कुमार तिवारी , काशी तिवारी तथा सी एच ओ अंजुम ख़ान द्वारा ग्राम वासियों के बीच योग की विशेषताओं के विषय पर उदबोधन दिया गया तथा बताया गया कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवनशैली है। यह हमें मानसिक स्वास्थ्य को प्रबल एवं सक्रिय रहने की दिशा में ले जाता है। प्रतिदिन योग करने से तनाव कम होता है, एकाग्रता बढ़ती है और शरीर स्वस्थ होता है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक ऐसी विधा है जो शरीर, मन और आत्मा को जोडऩे का कार्य करती है।

## पंचायतों में हुए विद्युत कार्य, अंधेरे में वाणिज्य कर विभाग

### कानूनी प्रक्रिया पूरी किये बगैर फर्म के नाम पर हुआ खेल

# एक पते पर दो फर्म संचालित?







**उमरिया।** इन्ट्रो-किसी जमाने में पंचों को परमेश्वर कहा जाता था, लेकिन वह दौर अब गुजर चुका है, अब तो पंचयती राज भगवान भरोसे चल रहा है, पंचायतों में सरकारी खजाने से आने वाली राशि की बंदरबांट का खेल जारी है, इसमें सरकारी कर्मचारियों और ग्रामीण जनप्रतिनिधियों में ज्यादा कमाई करने की होड़ लगी है। पंचायत के जिम्मेदार आंख बंद कर सरकार के खजाने को बट्टा लगा रहे हैं। जिले की ग्राम पंचायतों में दिनोदिन भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है, लेकिन सक्षम अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सरपंच व सचिव शासकीय बजट डकारने मनमानी कारस्तानियां अंजाम दे रहे हैं। हालांकि गड़बड़झालों की ग्रामीणों द्वारा समय-समय पर विभागों में शिकायतें की जातीं हैं, लेकिन न कभी सुनवाई होती है न कभी कार्रवाई होती है। अगर पंचायतों का गहन अवलोकन किया जाए तो जगह-जगह कानूनी प्रावधान की धज्जियां बिखरी मिलेंगी। बिरसिंहपुर पाली जनपद की पंचायतें इन दिनो काफी सुर्खियां बटोर रही है। यहां विकास का बजट कहां और किस मान से खर्च किया गया, इसका कोई लेखा-जोखा नहीं रहता है और न अधिकारी कभी जांच पड़ताल करते हैं।

### फर्म संचालक ने की धोखाधड़ी

मारूति इंटर प्राइजेज नामक फर्म का वाणिज्य कर विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने दौरान फर्म संचालक द्वारा वार्ड नंबर 16 पटेल नगर शहडोल दर्शाया था, वहीं फर्म संचालक ने बिल में भी उक्त पते को अंकित किया, लेकिन पंचायतों से मिलने वाली मलाई के फेर में उक्त फर्म संचालक ने पंचायतों से धोखाधड़ी करते हुए पते को बिल में परिवर्तित करते हुए वार्ड नंबर 11 खलेसर, जिला उमरिया दर्शाया है, शहडोल के पटेल नगर के वार्ड नंबर 16 के ही पते पर मां चामुण्डा इंटर प्राइजेज नामक फर्म का संचालन हो किया जा रहा है, जिसकी वाणिज्य कर विभाग ने आज तक धरातल पर जाकर जांच नहीं की।

### नहीं किया कानूनी प्रक्रिया का पालन

वाणिज्य कर विभाग की निगरानी टीम द्वारा मारूति इंटर प्राइजेज के लेनदेन पर आज तक मॉनिटरिंग नहीं की, व्यवसायी द्वारा एक जीएसटी पंजीयन पर पड़ोसी जिले उमरिया में भी दुकान का संचालन कर रहा है, जबकि दूसरे फर्म के संचालन से पूर्व कानूनी प्रक्रिया से गुजरना होता है, उक्त दोनों दुकानों के स्टॉक रजिस्टर, सम्बंधित दस्तावेज सहित लेनदेन बहीखाता की अगर सूक्ष्म परीक्षण किया जाये तो, सच बाहर आ सकता है, चर्चा है कि उक्त फर्म जीएसटी का 2 ए और 3 बी का मिलान सही नहीं हो रहा है।

### बिना रोक-टोक हुए भुगतान

मारूति इंटर प्राइजेज नामक फर्म ने गौरेया, सलैया-01, सेमरिहा, बकेली, खेतौली, तिवनी, बेम्हौरी, चौरी, मलहद्दू, बरदढ़ार, औढ़ेरा से भुगतान लिया है, उक्त फर्म को भुगतान फर्म के चालू होने के दूसरे दिन 09 अगस्त से किया गया है। फर्म संचालक ने खलेसर का उल्लेख करके बिल कहां-कहां लगाये हैं, यह भी जांच का विषय है, वाणिज्य कर विभाग अगर मां चामुण्डा इंटर प्राइजेज सहित मारूति इंटर प्राइजेज के खरीदी-बिक्री के बिलों की जांच करे तो, खरीदी से ज्यादा बिक्री का मामला भी सामने आ सकता है। चर्चा है कि उक्त फर्म संचालक के रिश्तेदार उमरिया जिले के ईएण्डम विभाग में पदस्थ जिनके माध्यम से पंचायतों के कार्य के भुगतान बिन रोक-टोक बीते माहों में हुए है।

### कार्यवाही की मांग

ग्रामीणों ने धांधलियों की सदैव शिकायत की, लेकिन कार्रवाई कभी नहीं हुई। अगर पंचायतों में हुए विद्युत संबंधित कार्य का भौतिक सत्यापन कराया जाए तो, अधिकांश कार्य गुणवत्ताविहीन ही पाए जाएंगे, लेकिन जिम्मेदारों को इससे कोई मतलब नहीं है। केवल बजट का दुरुपयोग किए जाने और अपनी तिजोरी भरने के अलावा पंचायतों में कुछ नहीं हो रहा है। शासकीय योजनाओं का लाभ भी सचिव रेवड़ी की तरह अपने चहेतों को बांट रहे हैं। जो कि सरासर नियम विरुद्ध है। जागरूक लोगों ने जनपद सहित जिले के मुखिया से पूरे मामले में जांच कर कार्यवाही की मांग की है।

## योग से होता है सकारात्मक ऊर्जा का विकास



**उमरिया।** आदर्श महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया गया । आयुक्त उच्च शिक्षा भोपाल , क्षेत्रीय संचालक रीवा एवं कार्यक्रम समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना प्रकोष्ठ रीवा विश्वद्यालय द्वारा जारी निर्देशों के परिपालन में 21 जून को प्रातः 6 बजे से सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय में किया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अभय कुमार पांडे का निर्देशन मे योग अभ्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रभारी प्राचार्य डॉ नियाज अहमद अंसारी के संरक्षण एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम प्रभारी डॉ रेम सिंह हटिला, योग दिवस कार्यक्रम आयोजन प्रभारी डॉ पिंकी सोमकुवर, कार्यक्रम संयोजक डॉ.राजीव तिवारी एवं महेंद्र कनौजिया ,क्रीड़ा अधिकारी के सह संयोजन में किया गया । महाविद्यालय के सभी सदस्यों ने योग संगम अभियान में ऑन लाइन रजिस्ट्रेशन कर दुनिया के सबसे बड़े योग समारोह का हिस्सा बनकर योग के इस ऐतिहासिक एवं वैश्विक आंदोलन में अपना योगदान दिया । डॉ पांडे द्वारा विभिन्न योग कियाओ ,योग मुद्राओं ,अनुलोम विलोम भ्रामरी आदि योग विषयों पर जानकारी की साथ साथ विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया गया स योग शरीर की शक्ति और मन की शांति बढ़ाता है। योग शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए एक वरदान है। आज योग दिवस पर सभी योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का संकल्प करने का आह्वान किया गया ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में योग कार्यक्रम संपन्न



**उमरिया।** जेलर / उप जेल अधीक्षक , माखन सिंह मार्को ने बताया कि 21 जून को मध्यप्रदेश शासन के आदेश के परिपालन में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया । उप जेल अधीक्षक , माखन सिंह मार्को द्वारा बंदियों को जेल से रिहा होकर पुनः अपराध नहीं करने का संकल्प दिलाकर अच्छा नागरिक बनकर जीवन जीने की प्रेरणा दी गयी , एवं जीवन में सदैव योग करके निरोगी बन्ने की शपथ दिलाई गयी द्य बंदीगण प्रसन्नचित रहे । इस अवसर पर जिला विधिक अधिकारी बी. एल. दीक्षित द्वारा बंदियों को प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए एक अच्छे जीवन जीने की प्रेरणा दी गयी । बंदियों को अनुशासन में रखकर जेल में ड्यूटीरत मुख्य प्रहरी एवं जेल के अधिकारी / कर्मचारी की उपस्थिति में कार्यक्रम कराया गया ।

### माँ बिरासिनी पाली में योग कार्यक्रम



**उमरिया।** 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा मां बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम पाली परिसर में योगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया और उन सभी प्रतिभागियों को योगा का महत्व बताया गया। टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने कहा कि योगा न सिर्फ योगा दिवस पर करना चाहिए योगा हमें नियमित रूप से प्रतिदिन करना चाहिए योगा हमारे स्वास्थ्य के लिए हमारे फिटनेस के लिए और हमें कई बीमारियों से योगा दूर रखता है इसलिए हमें योगा प्रतिदिन करना चाहिए । योगा हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है। शरीर और मन को शांत करने के लिए यह शारीरिक और मानसिक अनुशासन का एक संतुलन बनाता है। यह तनाव और चिंता का प्रबंधन करने में भी सहायता करता है और आपको आराम से रहने में मदद करता है।

## वर्षों से जमे 112 अधिकारी कर्मचारियों से ड्यूटी स्थल में पुलिस अधीक्षक ने किया फेरबदल

**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** पुलिस अधीक्षक मोतीउर रहमान द्वारा पुलिस मुख्यालय भोपाल के परिपत्र क-पुमु/3/कार्मिक/1520/25 दिनांक 10.0.2025 के तहत अधिकारी/कर्मचारी जिनके द्वारा एक ही थाने में अधिकतम 05 वर्ष एवं एक ही अनुभाग में 10 वर्ष से अधिक की पदस्थापना अवधि पूर्ण कर ली गई है। उन्हें पुलिस मुख्यालय मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं मप्र सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के परिपत्र क०-एफ 6-1/2024/एक/9 भोपाल दिनांक 29 अप्रैल 2025 के बिन्दु कमाक-08 के अनुसार जिला प्रभारी मंत्री से परामर्श से परामर्श उपरांत अधिकारियों/कर्मचारियों को वर्तमान कर्तव्य स्थल को परिवर्तित करके नवीन कर्तव्य स्थल पर आगामी आदेश तक के लिए अस्थाई रूप से कार्य हेतु लगाया गया है। उनि श्यामलाल मरावी कोतमा से बिजुरी, उनि दयावती मरावी राजेन्द्रग्राम से अमरकंटक, उनि (का) विपुल शुक्ला विजुरी से कोतवाली, उनि (का) रामशिरोमणि वर्मा बिजुरी से कोतमा, सउनि (का) प्रदीप कुमार अग्निहोत्री बिजुरी से कोतमा, सउनि (का) जागेश्वर सिंह कोतवाली से कोतमा, सउनि (का) नागेश सिंह चचाई से कोतमा, सउनि (का) कमलेश कुमार तिवारी बिजुरी से कोतवाली, सउनि (का) कमलेश प्रताप सिंह भालूमाडा से कोतवाली, सउनि (का) विपिन बिहारी राय बिजुरी से कोतवाली, सउनि (का) विनय सिंह परिहार कोतमा से कोतवाली, सउनि (का) भगवान सिंह पाटले अमरकंटक से कोतवाली, सउनि रामनारायण तिवारी जैतहरी से बिजुरी, सउनि (का) बृजेश कुमार पाण्डेय कोतमा से बिजुरी, सउनि (का) रामप्रसाद धुर्वे सरई चौकी से बिजुरी, सउनि (का) सुरेन्द्र प्रताप सिंह कोतवाली से बिजुरी, सउनि (का) लालमणि चौधरी चचाई से बिजुरी, सउनि मणिराज सिंह जैतहरी से भालूमाडा, सउनि (का) रविशंकर गुप्ता जैतहरी से भालूमाडा, सउनि महिपाल प्रजापति चचाई से रामनगर, सउनि (का) संतोष कुमार पट्टा चचाई से रामनगर, सउनि (का) ईश्वर यादव अमरकंटक से राजेन्द्रग्राम, सउनि (का) पुष्पाकांति यादव अमरकंटक से राजेन्द्रग्राम, सउनि (का) अश्वनी कुमार बिजुरी से राजेन्द्रग्राम, सउनि (का) यादवेन्द्र सिंह राजेन्द्रग्राम से सरई, सउनि गोविन्द प्रजापति कोतमा से चचाई, सउनि (का) उमेश सिंह यातायात अनूपपुर से चचाई, सउनि (का) कमलेश शुक्ला बिजुरी से चचाई, सउनि (का) संतोष वर्मा कोतवाली से चचाई,



सउनि (का) केमला प्रसाद पनिका रामनगर से जैतहरी, सउनि (का) विनोद द्विवेदी भालूमाडा से जैतहरी, सउनि (का) संतोष कुमार पाण्डेय कोतवाली से जैतहरी, सउनि (का) उमेश कुमार तिवारी रामनगर से जैतहरी, सउनि (का) विनोद नाहर रामनगर से जैतहरी, सउनि धनेश्वर प्रसाद पटेल करनपठार से अमरकंटक, सउनि (का) रघुराज सिंह भालूमाडा से अमरकंटक, प्रआर (का) मनीष सिंह देवहरा से चचाई (पुलिस लाइन) यातायात, प्रआर (का) राजेन्द्र प्रसाद राठौर चचाई से करनपठार, प्रआर (का) अमर सिंह परस्ते रामनगर से करनपठार, प्रआर (का) ज्ञानेन्द्र कुमार पासी कोतवाली से कोतमा, प्रआर (का) सुरेन्द्र सिंह गोंड भालूमाडा से कोतमा, प्रआर (का) अशोक कुमार बर्मन चचाई से कोतवाली, प्रआर (का) देवकरण कटरे अजाक से कोतवाली, प्रआर (का) सूर्यभान सिंह मार्को फुनगा चौकी से कोतवाली, प्रआर (का) सुखेन्द्र सिंह भालूमाडा से कोतवाली, प्रआर (का) प्रदीप पाण्डेय भालूमाडा से कोतवाली, प्रआर (का) शिव कुमारी सिंह राजेन्द्रग्राम से महिला थाना, प्रआर (का) गुपाल सिंह कोतवाली से बिजुरी, प्रआर (का) धीरेन्द्र प्रसाद कोल राजेन्द्रग्राम से भालूमाडा, प्रआर (का) विमल कुमार सिंह परस्ते, चौकी सरई से भालूमाडा, प्रआर (का) रामेश्वर सिंह जैतहरी से भालूमाडा, प्रआर (का) जयबहादुर सिंह पुसके देवहरा थाना चचाई से भालूमाडा, प्रआर (का) सपन नामदेव कोतमा से पुलिस लाइन, प्रआर (का) अमृतलाल भूमिया चचाई से रामनगर, प्रआर (का) राजेन्द्र यादव राजेन्द्रग्राम से रामनगर, प्रआर (का) विजयनंद पाण्डेय जैतहरी से रामनगर, प्रआर (का) शिवप्रसाद कोल चचाई से राजेन्द्रग्राम, प्रआर (का) लेखनवती पुलिस लाइन थाना जैतहरी मे कार्यरत से राजेन्द्रग्राम, प्रआर (का) विजय सिंह श्याम जैतहरी से राजेन्द्रग्राम, सुखदेवराम भगत वेंकटनगर जैतहरी से राजेन्द्रग्राम, प्रआर (का) दिनेश कुमार राठौर कोतमा से सरई, प्रआर (का) मोहन सिंह धुर्वे राजेन्द्रग्राम से चचाई, शकील रजा खान कोतवाली से चचाई, बृजेश कुमार सिंह भालूमाडा से चचाई, राहुल प्रजापति रामनगर से चचाई, सनत कुमार द्विवेदी रामनगर से चचाई, प्रआर (का) राजाराम दहायत कोतमा से चचाई देवहरा, प्रआर (का) राजेश सिह कंवर कोतवाली से फुनगा, श्रीश्याम शुक्ला रामनगर से जैतहरी, प्रआर (का) संतोषी देवी धुर्वे महिला थाना से जैतहरी, प्रआर (का) विवेक कुमार त्रिपाठी भालूमाडा से जैतहरी, प्रआर (का) राजकुमार परस्ते भालूमाडा जैतहरी, प्रभार (का) संतोष कुमार यादव कोतमा से जैतहरी, प्रआर (का) मनोज कुमार लकडा, बिजुरी से जैतहरी वेंकटनगर, प्रआर (का) संजय शाह, यातायात से अमरकंटक, प्रआर सुमेर सिंह करनपठार से भालूमाडा, आर अभिषेक चौहान भालूमाडा से यातायात, आर विजय मेरावी रामनगर से यातायात, आर पल्लव खराडी कोतवाली से यातायात, शुभम वर्मा कोतवाली से यातायात, राजेश बडोले कोतवाली से यातायात, सचिन पटेल यातायात हाइवे चौकी से यातायात, ओमप्रकाश प्रजापति यातायात से यातायात हाईवे चौकी, संतोष कुमार मरावी अमरकंटक से करनपठार, अनिल कुमार कोल जैतहरी से कोतमा, सुनील प्रसाद मिश्रा बिजुरी से कोतमा, सुरेश प्रसाद कोल कोतवाली अनूपपुर से कोतमा, स्वदेश सिंह चौहान भालूमाडा से कोतमा, विनोद मरावी रामनगर से कोतमा, पूनम पाण्डेय बिजुरी से कोतमा, कुलदीप सिंह राजेन्द्रग्राम से कोतवाली, गणेश कुमार यादव यातायात अनूपपुर से कोतवाली, आरती गुप्ता जैतहरी से कोतवाली, सविता कोल चचाई से महिला थाना, प्रवीन कुमारी गौतम महिला थाना से महिला सुरक्षा शाखा, नरेन्द्र सिह गोड रामनगर से बिजुरी, संजय कुमार द्विवेदी कोतमा से बिजुरी, अंजली स्वर्णकार भालूमाडा से बिजुरी, सत्यभान सिंह कोतमा से बिजुरी, मोहित राणा जैतहरी से भालूमाडा जितेन्द्र मण्डलोई कोतमा से भालूमाडा, प्रदीप सिंह यादव कोतमा से भालूमाडा, शुभम कुमार तिवारी कोतमा से भालूमाडा, मुमताज अहमद कोतमा से रामनगर, संजय वर्मा भालूमाडा से रामनगर, लक्ष्मण डांगी बिजुरी से रामनगर, अमलेश बघेल अमरकंटक से सरई, संतोष सिंह यातायात अनूपपुर से चचाई देवहरा, अनूप पुशाम कोतवाली अनूपपुर से जैतहरी, मोहन जमरा कोतवाली से जैतहरी, छोटेलाल साहू राजेन्द्रग्राम से अमरकंटक स्थानांतरित किया गया है।

# निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता सहज और सरल माध्यम है- कलेक्टर

### योग शरीर और दिमाग दोनों रखता है स्वस्थ्यः विधायक









### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योग कार्यक्रम संपन्न

**उमरिया।** योग, भारत में शुरू हुई एक प्राचीन पद्धति है जो हमारे शरीर और दिमाग दोनों को स्वस्थ रखने का एक गहरा तरीका प्रदान करता है। योग में गतिविधियों और मुद्राओं के माध्यम से यह व्यक्तियों को लचीलापन और ताकत विकसित करने में सहायता मिलती है। योग में अपनाई गई अनोखी साँस लेने की तकनीकें न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ाती हैं, बल्कि लोगों में शांति की भावना भी पैदा करती हैं, जो तनाव के लिए एक शक्तिशाली औषधि के रूप में काम करती हैं। उक्त आशय के विचार विधायक बांधवगढ़ शिवनारायण सिंह ने सामुदायिक भवन उमरिया में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि मानव को प्रतिदिन योगा करना चाहिए । सुबह की हवा लाखो रूपये की दवा होती है । योगा करने से कई बीमारियों से मुक्ति भी स्वमेव ही मिल जाती है । कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि योग भारतीय प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है। ऋषि मुनियों के शोध पर आधारित समग्र स्वास्थ्य का विज्ञान है योग। भारत के इस ज्ञान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विष्व स्तरीय मान्यता मिली है । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा योग को स्वीकार किया गया है। योग संपूर्ण मानवता को प्राप्त अमूल उपहार है। संसार का सबसे बड़ा उपहार निरोगी काया है। निरोग रहने के लिए योग सबसे सस्ता , सहज, सरल माध्यम है। योग से बहुत सी बीमारियों का उपचार एवं निजात मिल जाता है। जब शरीर स्वस्थ्य रहेगा तभी हम समाज, प्रदेश एवं देश की सेवा कर पाऐगे । सभी लोग योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें । अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत, जिला जेल, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, आसुतोष अग्रवाल, पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल, प्राचार्य डाइट श्री भट्ट, बृजेश शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी , जिला आपूर्ति अधिकारी बालेन्द्र सिंह परिहार, कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकीय सेवा, सिविल सर्जन डा के सी सोनी सहित गायत्री परिवार, ब्रम्हाकुमारी की बहने , हार्डफुटनेस संस्था , स्कूली बच्चे तथा योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे। इस अवसर पर देश के प्रधानमंत्री जी के आतिथ्य में विशाखापट्टनम में आयोजित कार्यक्रम तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अटल पथ टीटी नगर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला मुख्यालय उमरिया के सामुदायिक भवन उमरिया में देखा एवं सुना गया । कार्यक्रम का संचालन श्री सुशील मिश्रा ने किया ।

### महाविद्यालय उमरिया में किया गया योग



उमरिया। रणविजय प्रताप सिंह कॉलेज, उमरिया में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विमला मरावी के स्वागत भाषण एवं प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ। उन्होंने अपने वक्तव्य में योग की ऐतिहासिक परंपरा, वैज्ञानिक महत्ता एवं वर्तमान जीवनशैली में इसकी अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे योग को मात्र एक दिन की गतिविधि न मानें, बल्कि इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। इसके पश्चात क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा विद्यार्थियों को योगाभ्यास कराया गया। योग सत्र में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, प्राणायाम आदि क्रियाएं कराई गईं, जिनमें सभी छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाभ्यास के दौरान शरीर की मुद्रा, श्वास पर नियंत्रण तथा मानसिक एकाग्रता के महत्व पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद शाह बरकड़े राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी ने योग संदेश के माध्यम से योग के आध्यात्मिक, मानसिक एवं सामाजिक पक्षों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि समग्र जीवनदर्शन है, जो व्यक्ति को संतुलित, संयमित एवं सकारात्मक बनाता है। एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भी बढक़र हिस्से लिया। कार्यक्रम का समापन आभार क्रीड़ाधिकारी जितेंद्र कुमार द्वारा किया गया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं स्वास्थ्यवर्धक सिद्ध हुआ।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग अभ्यास कार्यक्रम का आयोजन



**हरिभूमि न्यूम जमुना/बदरा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जन अभियान परिषद अनूपपुर के नेतृत्व एवं जनपद सीईओ सुश्री किरण गुप्ता के मार्गदर्शन में विकासखंड अनूपपुर के सेक्टर क्रमांक 3 जनपद पंचायत बदरा के सभागार कक्ष में विकासखंड अधिकारी एल बी वर्मा एवं परामर्शदाता श्रीमती शारदा चौरसिया के सहयोग से योग अभ्यास कार्यक्रम संचालित किया गया जिसमें उपस्थित जनों को योग के लाभ से अवगत कराते हुए अभ्यास को दैनिक जीवन में शामिल करने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद व पंचायत सदस्य सुभाष सिंह VDO, अर्पित शुक्ला, भारत सिंह, अमित गुप्ता, रामलाल साहू, राजेश सिंह, सीएमसीएलडीपी छात्र, नवांकुर संस्था पसान, नगर विकास प्रस्फुटन समिति सदस्य एवं परामर्शदाता श्रीमती शिवानी सिंह की सहभागिता रही।

## खबर संक्षेप

### लिफ्ट लेकर बस चालक से नकदी व मोबाइल लूटा

**कटनी।** नेशनल हाईवे में इन दिनों सक्रिय बदमाशों की टोली वाहन चालकों को लूट रही है। एक के बाद एक हुई वारदातों से राहगीरों में दहशत का माहौल है वहीं पुलिसिया गश्ती पर भी सवाल उठ रहे हैं। लुटेरों ने बस मालिक को लिफ्ट देने के बहाने कार में बैठाया और कुछ दूर ले जाकर मारपीट कर के लूट लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सिहोरा बस स्टैंड क्षेत्र निवासी 43 वर्षीय अमित उपाध्याय गत दिवस उसकी बस खराब होने के कारण कटनी के आईसर सर्विसिंग सेंटर में बनने के लिए आई थी। बस को सुधारने के लिए अमित सर्विस सेंटर गया था। 19 जून के तड़के 4:30 बजे जब वह आईसर सर्विस सेंटर से निकलकर वापस सिहोरा अपने घर जाने के लिए वाहन का इंतजार कर रहा था, इसी दौरान उसने लिफ्ट लेने के इरादे से एक कार को रोका। जबलपुर जा रहे कार में बैठे चार लोगों ने उसे कार में लिफ्ट दे दी। अपने साथ कुछ दूर ले जाने के बाद कार सवार युवकों ने अमित को मारपीट करते हुए लूट लिया। लुटेरे अमित से दो मोबाइल और नगद 20 हजार रुपए लेकर चम्मपत हो गए। पुलिस ने लूट का शिकार हुए पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लुटेरों के खिलाफ धारा 309(6), 127(7) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर तलाश शुरू कर दी है।

### नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की कराई जा रही सफाई

**कटनी।** वर्षा ऋतु में जप्लावन से नागरिकों को राहत प्रदान करने की दिशा में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग द्वारा महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नाला नालियों एवं सीवर की सफाई के लिए नियमित रूप से मानव संशाधनों के साथ-साथ मशीनरी संशाधनों को भी लगाकर युद्ध स्तर पर सफाई कराई जा रही है। नगर के विभिन्न वार्डो के बड़े नालों में मशीनरी संशाधनों को उतारकर वहाँ की सफाई भी तेजी से कराई जा रही है ताकि वर्षा जल की निकासी सुगमतापूर्वक हो सके। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि नगर निगम शहर के बड़े नालों की सफाई कार्य वर्षा पूर्व चालू कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा पूर्व मे ही स्वास्थ विभाग की बैठक आयोजित कर नगर के बड़े नालों की सफाई कार्य को गंभीरता से किए जाने के निर्देश दिये थे, जिसके बाद नगर निगम द्वारा सफाई कार्य में प्रयुक्त होने वाली मशीनों सहित जेसीबी एवं मेनपावर लगाकर नाले-नालियों की सफाई कार्य करवाया जा रहा है।

### निर्माण कार्यों में गुणवत्ता मानकों का रखें ध्यान, कोताही बर्दाश्त नहीं

**कटनी।** नगर निगम प्रशासन के माध्यम से नागरिकों को प्रदाय की जाने वाली यातायात, सुगम जल निकासी आदि की सुविधाओं को मानक गुणवत्ता के साथ तय समय-सीमा में पूर्ण करानें के उद्देश्य से इंदिरा गांधी वार्ड स्थित बाला जी नगर, आजाद चैक से झंडा बाजार मुख्य जुलूस मार्ग में कराये जा रहे डामरीकरण कार्य का शुक्रवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा निरीक्षण किया जाकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष सिब्बू साहू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना संजू बैनर्जी, पार्षद शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, सीमा श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी एवं निगम अधिकारियों की मौजूदगी रही। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा इंदिरा गांधी वार्ड के बालाजी नगर में जल निकासी की सुगम व्यवस्था हेतु 60 लाख रुपये की लागत से निर्मित कराये जा रहे 450 मीटर लंबे एवं 4 फुट चौड़े नाले का निरीक्षण वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सोनी बल्ली एवं क्षेत्रीय नागरिकों के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान किड्स केयर कोचिंग के सामने गली के पास नाले का चेंबर क्षतिग्रस्त पाए जाने पर निर्माणाधीन एजेंसी के प्रतिनिधि को निर्माण कार्य के दौरान आवश्यक सूचना संकेतक लगाने के साथ ही नागरिकों की सुविधा हेतु कराए जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से पहले खान प्रबंधक पी. अर्जुन जोड़े की पहल पर शुरू हुआ विशेष योग प्रशिक्षण

# रामपुर बटुरा की खदान में योग बना कर्मियों की नई ताकत

धनपुरी।

एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र की सबसे बड़ी ओपन कास्ट खदान रामपुर बटुरा में इन दिनों सुबह की शुरुआत सिर्फ मशीनों की आवाज से नहीं, बल्कि योग की ऊर्जा से हो रही है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) को लेकर खान प्रबंधन द्वारा विशेष योग प्रशिक्षण शिविर चलाया जा रहा है। इसके सूत्रधार हैं खान प्रबंधक पी.अर्जुन जोड़े, जो स्वयं कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास कर रहे हैं।प्रशिक्षण का उद्देश्य है — श्रमवीरों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ बनाना, ताकि वे तनावमुक्त रहकर बेहतर उत्पादन कर सकें। खान प्रबंधक का मानना है कि "स्वस्थ शरीर और शांत मन ही स्थायी सफलता की कुंजी हैं।"कर्मचारियों की भागीदारी उत्साहजनकप्रशिक्षण शिविर में खान के विभिन्न विभागों से कर्मचारी बड़ी संख्या में भाग ले रहे हैं। रामपुर बटुरा मेगा प्रोजेक्ट के श्रमवीर योग में न केवल हिस्सा ले रहे हैं, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति सजगता भी दिखा रहे हैं। इससे कर्मियों के मनोबल में वृद्धि हुई है।हर माह पूरा हो रहा कोयला टारगेटयोगाभ्यास का असर अब उत्पादन पर भी दिख रहा है। खान प्रबंधन की सक्रियता और कर्मचारियों की बेहतर फिटनेस के कारण खदान लगातार हर माह अपना कोयला उत्पादन लक्ष्य समय से पहले पूरा कर रही है।योगः खदान से जीवन तकऊर्जा का संचारःयोग से कर्मचारियों में नई स्फूर्ति आई है, जिससे कार्यस्थल पर कार्यक्षमता बढ़ी है। तनाव पर नियंत्रणःगहरे खदान कार्यों में तनाव स्वाभाविक होता है। प्राणायाम और ध्यान से तनाव नियंत्रित करने में मदद मिल रही है। टीम भावना को बलःसमूह में योग करने से आपसी समन्वय और सहयोग की भावना भी मजबूत हो रही है।नियमितता का लाभः हर दिन योग से कर्मचारियों में अनुशासन और दिनचर्या में स्थायित्व आ रहा है।'स्वस्थ कर्मी, सुरक्षित खदान', यही है रामपुर बटुरा का नया मंत्र।





## रक्तदान महादान: नगर में 28 यूनिट रक्त संग्रह, अग्रवाल परिवार की सराहनीय पहल, रक्त दाताओं को प्रमाण पत्र प्रदान किए गये





धनपुरी।

जेके ग्रुप के स्टेट हेड श्री देवेन्द्र निश्चल की दिशा निर्देश में शुक्रवार को नगर में एक सराहनीय सामाजिक पहल के अंतर्गत ब्लड कलेक्शन एवं ट्रांसपोर्टेशन वैन के माध्यम से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहडोल से आई आधुनिक सुविधाओं से युक्त मोबाइल ब्लड वैन के साथ डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया।धनपुरी के आज़ाद चौक पर आयोजित इस ब्लड डोनेशन कैंप में वैन के अंदर ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। शिविर में रक्तदान से पूर्व सभी दाताओं की डॉक्टरी जांच एवं सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया गया। कुछ लोगों का हीमोग्लोबिन कम पाए जाने के कारण उन्हें रक्तदान से वंचित रखा गया।नगर के गणमान्य नागरिकों और अग्रवाल परिवार के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान में भाग लिया और अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। सभी रक्तदाताओं को डॉक्टरों की टीम द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए और भविष्य में भी रक्तदान में सहयोग करने का आह्वान किया गया।इस शिविर का आयोजन जेके ग्रुप की सामाजिक पहल के अंतर्गत मेसर्स गणेश प्रसाद अग्रवाल के सहयोग से किया गया। 52 वर्षों से प्रतिष्ठित सीमेंट ट्रेडिंग फर्म के रूप में क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान रखने वाली इस संस्था ने स्थानीय स्तर पर यह आयोजन कर एक मिसाल पेश की।स्थानीय समाजसेवी श्री रोहित जैन के अथक प्रयासों से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर नगर के कई प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति रही। आयोजन में कुल 28 यूनिट रक्त एकत्र किया गया, जो भविष्य में जरूरतमंदों की जान बचाने में उपयोगी सिद्ध होगा।रक्तदान करने वालों में- व्रजवासी अग्रवाल, मृदुल अग्रवाल, तिलक राज सोनी, सुदर्शन वर्मन, मयंक अग्रवाल, दिशा अग्रवाल, सुनीता गुप्ता, तुषार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, अतुशर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल एवं भावना अग्रवाल सहित अनेक नागरिकों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## पिता की याद में लगवाया वॉटर प्यूरीफायर, आम जनता को मिलेगा शुद्ध पानी



**ब्यौहारी।** तहसील मुख्यालय में अधिवक्ता हरीश कुमार मिश्रा एवं सर्विस प्रोवाइडर अमरीष कुमार मिश्रा द्वारा अपने पिता दिवंगत जगदीश प्रसाद मिश्रा की याद में तहसील कार्यालय में 50 लीटर का वॉटर प्यूरीफायर लगवाया गया है एवं जिससे अब अपने काम से तहसील कार्यालय आने वाले किसानों एवं आमजनों अधिवक्ताओं एवं कर्मचारी गणों को शुद्ध पानी उपलब्ध हो सकेगा जगदीश प्रसाद मिश्रा पटवारी पद से इसी कार्यालय से रिटायर हुए और उनके दोनों पुत्र तहसील कार्यालय में कार्य कर रहे हैं और समाज सेवा भी कर रहे हैं उनके इस कार्य को एसडीएम सौम्या आनंद ने सराहना की है।

## नगर निगम द्वारा चिन्हित किए गए 58 जर्जर भवन, जारी की गई सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आगामी वर्षा ऋतु में जर्जर भवनों के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं को रोकने हेतु निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार कार्यपालन यंत्री सुधीर मिश्रा द्वारा आम सूचना जारी की जाकर नगर निगम सीमा के विभिन्न वार्डों के 58 जर्जर भवन चिन्हित किये गये है, जो मानव आवास हेतु उपयुक्त नहीं है।

अतः कार्यपालन यंत्री श्री मिश्रा द्वारा समस्त भवन स्वामियों को सूचना देते हुए कहा गया है कि मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन को स्वयं गिराकर अथवा मरम्मत योग्य भवन को मरम्मत कराकर इस कार्यालय को सूचित करें। यदि मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन से किसी भी प्रकार की जन धन हानि होती है तो उसके लिए भवन स्वामी स्वयं जवाबदार होगें। साथ ही ऐसे भवन स्वामी जिनके द्वारा मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवन का मरम्मत, नये निर्माण जर्जर भवन गिराकर किया गया है, ऐसे नागरिकों को नगर पालिक निगम कटनी में लिखित सूचना देनी होगी।

आम सूचना के माध्यम से सर्वेक्षित सूची के अतिरिक्त मानव आवास हेतु अनुपयुक्त भवनों

## योग दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम

ब्यौहारी।



ग्राम पंचायत चचाई में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत निर्धारित गतिविधि अनुसार योग दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना अधिकारी रोषनी तिवारी द्वारा योग का महत्व शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से बहुत अधिक है। यह एक प्राचीन अभ्यास है जो शरीर, मन और आत्मा को जोड़ता है। नियमित योग अभ्यास से तनाव कम होता है, लचीलापन बढ़ता है, एकाग्रता में सुधार होता है और समग्र स्वास्थ्य बेहतर होता है। योग से न केवल व्यक्ति का तनाव दूर होता है बल्कि मन और मस्तिष्क को भी शांति मिलती है योग बहुत ही लाभकारी है। योग न केवल हमारे दिमाग, मस्तिष्क को ही ताकत पहुंचाता है बल्कि हमारी आत्मौ को भी शुद्ध करता है। योग के अभ्यास के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई. कार्यक्रम अंतर्गत परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर एवं ग्रामीण महिलाय उपस्थित थी

## विश्व हिंदू परिषद् ब्योहारी प्रखंड समिति की प्रखंड मासिक बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिर में संपन्न हुई, जहाँ पर्यावरण बचाने के लिए पौधा रोपण माह जुलाई से अगस्त किया जाएगा





ब्योहारी

विश्व हिंदू परिषद ब्योहारी जिला शहडोल ब्योहारी प्रखंड समिति की प्रखंड मासिक बैठक लक्ष्मी नारायण मंदिरउपास्थिति जिला मंत्री अविनाश जी,जिला उपाध्यक्ष रोशन नागपाल जी एवं नगर अध्यक्ष राजेंद्र सोनी जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ जिला मंत्री अविनाश जी ने बैठक में मुख्य रूप से ब्योहारी प्रखंड विस्तार, सेवा कार्य, बूढ़ा बाबा अमरनाथ शौर्य यात्रा 29 जुलाई, प्रखंड वृक्षारोपण, आगामी अगस्त माह में केंद्रीय पदाधिकारी के प्रखंड दर्शन प्रवास योजना, एवं खंड विस्तार पर चर्चा कर अलग-अलग खंडो के लिए खंड पालक एवं प्रवास योजना तय की गई जिसमें जिला उपाध्यक्ष रोशन जी भाई साहब को पोड़ी खंड की जिम्मेदारी, ब्योहारी नगर की जिम्मेदारी जिला सह विशेष संपर्क प्रमुख सतनारायण जी भाई साहब, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी जी भाई साहब को मऊ खंड और बुडवा खंड की जिम्मेदारी, जिला सह सामाजिक समरसता प्रमुख कमलेश जी भाई साहब को और प्रखंड मंत्री मनीष मिश्रा जी भाई साहब को पपौंध खंड एवं ग्राम रचनाओं पूर्ण करने की जवाबदारी दी गई बैठक में विभाग संयोजक जय सिंह तोमर, जिला सह सामाजिक समरसता प्रमुख कमलेश गुप्ता जी,जिला सह विशेष संपर्क प्रमुख सतनारायण गुप्ता जी, प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र सोनी जी, प्रखंड मंत्री मनीष मिश्रा जी, प्रखंड मिलन प्रमुख सुनील कोरी जी, चंद्रभान सेन जी, राम सुमन उपाध्याय जी, सागर गुप्ता जी,दीपक गुप्ता जी, रामपाल साहू जी, प्रेम नामदेव जी एवं अन्य कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे

## बड़वारा में शिक्षकों ने सीखी गणित की विधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

**NEP** 2020 को सफल बनाने **FLN** को मजबूती प्रदान करने के लिए जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा अन्तर्गत विद्यालयों में कक्षा 1 व 2 में गणित पढ़ाने वाले 226 शिक्षक एवं जनशिक्षा केन्द्रों में कार्यरत 10 जनशिक्षकों ने चार चरणों में दो दिवसीय प्रशिक्षण बीआरसीसी सुबरन सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में प्राप्त किया। प्रशिक्षण प्रभारी ब्रजेश बुनकर एवं डीआरजी हितेश तिवारी, विजेन्द्रनाथ बसक, राकेश बघेल, वीरेन्द्र गौतम की महती भूमिका रही।प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 19 जून को 10 वीं, 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं का निरीक्षण करने पहुंचे कटनी जिला शिक्षा विभाग के मुखिया जिला शिक्षा अधिकारी पृथ्वीपाल सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ।

## नगरीय निकायों को कंप्यूटरीकृत करने के लिए बनाई वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 योजना




हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने प्रदेश के सभी नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केन्द्रीकृत वेब आधारित ई-नगरपालिका 2.0 योजना प्रारंभ की है। यह योजना डिजिटल इण्डिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी और त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से लागू की गयी है। यह योजना ई-गवर्नेंस का अनूठा उदाहरण है। ई-नगरपालिका 1.0 द्वारा नगरीय निकायों द्वारा प्रदत्त समस्त नागरिक सेवाओं, जन-शिकायत सुविधा, निकायों की आंतरिक कार्य-प्रणाली, समस्त भुगतान और बजट प्रक्रिया को एकीकृत कर ऑनलाइन सुविधा प्रदाय की जा रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है, जहाँ प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। ई-नगरपालिका 2.0 का विभिन्न विभागों जैसे उद्योग, राजस्व, पंजीयन विभाग आदि एवं भारत सरकार के महत्वपूर्ण मोबाइल ऐप जैसे उमंग से भी एकीकृत किया गया है। प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को प्रदाय करने के लिये एकीकृत एकल एसएपी, ईआरपी प्लेटफार्म आधारित ई-नगरपालिका 1.0 लागू की गयी थी। इसके बाद ई-नगर पालिका 2.0 नगरीय निकायों में लागू कर दी गयी है। इसके अंतर्गत 16 मॉड्यूल तथा 24 नागरिक सेवाएँ शामिल हैं। भौतिक अवसंरचना को क्लाउड सेवाओं द्वारा प्रतिस्थापित किया गया है। ई-नगर पालिका 2.0 में जीआईएस एकीकरण और आर्टीफीशियल इंटेलीजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। कॉमन सर्विस सेंटर, एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर और भुगतान गेटवे के साथ ई-नगर पालिका 2.0 का एकीकरण किया जा रहा है। ई-नगरपालिका 2.0 ओपन सोर्स प्लेटफार्म टेक्नोलॉजी पर आधारित है। ई-नगरपालिका 2.0 पोर्टल का विकास 2 वर्ष तथा 5 वर्ष के ऑपरेशन और मेंटेनेंस का कार्य वेंडर द्वारा किया जायेगा। विभाग द्वारा अपनी वेबसाइट भी प्रारंभ की गयी है, जिसका यू आ र ए ए ल www.mpurban.gov.in है। वेबसाइट पर विभाग द्वारा नगरीय निकायों से संबंधित आवश्यक जानकारी स्टेटिक और डायनामिक रूप में उपलब्ध करायी गयी है।

